हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 24 जनवरी 2026

04 ट्रैक्टर-ट्रालियों से महिला पहुंची थाने, बोलीं:घर से...



07 हिंदू बनो तो विवेकानंद, मुसलमान बनो तो अब्दुल...





## खबर संक्षेप

### स्वर्गीय शंकरलाल राठौर की द्वितीय पुण्यतिथि पर किया गया रक्तदान



**सीहोर।** स्वर्गीय शंकरलाल राठौर की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन 22 जनवरी गुरुवार को स्थानीय बजाज शोरूम के पास गंगाश्रम में किया गया स्वर्गीय शंकरलाल राठौर जी की याद में 15 यूनिट से अधिक रक्तदान किया गया । इस अवसर पर उनके परिजन एवं समाज जनों ने उनसे आशीर्वाद बनाये रखने की प्रार्थना की । परिजनों ने रक्तदान के महत्व पर जोर देते हुए इसे मानव जीवन का सबसे बड़ा दान बताया। उन्होंने सभी सक्षम व्यक्तियों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की, ताकि जरूरतमंदों का जीवन बचाया जा सके। जानकारी देते हुए सुमित राठौर ने बताया कि ब्लड बैंक के सहयोग से शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । आगे कहा कि यह आयोजन न केवल एक श्रद्धांजलि थी, बल्कि समाज के प्रति एक गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक भी बना। स्वर्गीय शंकरलाल राठौर जी का पूरा जीवन समाज की सेवा और उत्थान के लिए समर्पित रहा।

### नव विवाहितों को राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने दिया आशीर्वाद, दांपत्य जीवन की खुशहाली के लिए की कामना

# कन्यादान योजना: 173 हिंदू जोड़े परिणय बंधन में बंधे, 27 मुस्लिम जोड़ों का काजी ने कराया निकाह

### गंगा-जमुनी तहजीब का साक्षी बना गांव तालाब खेल मैदान , 200 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

मुख्यमंत्री कन्या दान योजना के तहत शुक्रवार को नगर के गांव तालाब खेल मैदान में सामूहिक विवाह एवं निकाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें जिसमें 200 जोड़ों ने परिणय सूत्र में बंधकर अपने दामर्पत्य जीवन की शुरूआत की। 173 हिन्दू जोड़े वैदिक मंत्रौचार के बीच परिणय बंधन में बंधे , वहीं 27 मुस्लिम जोड़ो का मुस्लिम परंपराओं के अनुसार निकाह कराया गया । कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने नव दंमपत्तियों को उनके सफल और खुशहाल जीवन की मंगल कामनाओं के साथ आशीर्वाद दिया।

### शुक्रवार को नगर के गांव तालाब खेल मैदान में आयोजित सामूहिक विवाह, निकाह

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वर और वधू पक्ष के लोगों का सुबह से ही विवाह स्थल पर आना शुरू हो गए थे। पार्किंग कार्यक्रम स्थल से दूर होने के कारण वर , वधू को करीब एक किमी पैदल चलना पड़ा। जिससे उन्हें खांसी परेशानी उठानी पड़ी। साथ ही कार्यक्रम में आने जाने का एक मार्ग ही बनाया गया था जिससे लोगों को आवागमन में कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। विवाह के लिए जिलें से करीब 200 जोड़ों ने आवेदन जमा कराएं थे।




**इछावर।** भाजपा नेताओं के फोटो लगे बैनर पोस्टर से पटा मंच।



**इछावर।** एक-दूसरे का हमसफर बना जोड़ा।



### सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजन के कार्यक्रम में यह हुए शामिल

कार्यक्रम में जिला भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश सुराना, भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष पप्पू नागर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र सिसोदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र मेवाड़ा, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश वर्मा, जप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शंकर जयसवाल, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष मनीष विश्वकर्मा, भाजपा जिला आईटीसेल प्रभारी अतिराजसिंह खींची, समाज सेवी तेजपाल नागर, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि राकेश वर्मा,सीईओ रुशाली पोरस,एसडीएम स्वाती, एसडीओपी रोशन जैन, थाना प्रभारी पंकज वाडेकर आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

**वधू को 49 हजार रुपए का चेक भेंट किया:** विवाह बंधन में बंधे नव दंपति को अतिथियों द्वारा 49 हजार रूपए राशि के चेक प्रदान किए।

### भाजपा नेताओं के बैनर, पोस्टर से पटा मंच

पूर्व कांग्रेस विधायक शैलेंद्र पटेल का कहना है की मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह एवं निकाह कार्यक्रम में मंच पर बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं के फोटो लगें बेनर -पोस्टर लगें हुए थे। इनमें केंद्रीय , प्रदेश नेतृत्व के अलावा स्थानीय नेताओं के फोटो लगें हुए थे। ऐसे में लोगों ने इन पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह कन्यादान योजना सरकारी न होकर भाजपा पार्टी की योजना लग रही है। शासन के इस कार्यक्रम के नाम पर भाजपा अपना प्रचार प्रसार कर रही है।

## जांच अधिकारी बोले-एक महीने पहले ही सौंप दी रिपोर्ट, एक करोड़ राजस्व घाटे का आरोप

### जांच रिपोर्ट सौंपने के बाद भी चुप्पी

**सीहोर।** बिजली कंपनी के डिवीजनल इंजीनियर (डीई) अमित राय पर करीब एक करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान के गंभीर आरोप लगे हैं। इन आरोपों की जांच पिछले 14 महीनों से चल रही है, लेकिन अब तक विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

यह शिकायत इंडियन वेलफेयर सोसायटी द्वारा लिखित रूप में की गई थी। आरोप है कि डीई अमित राय ने नवीन विकसित कॉलोनियों में विद्युतीकरण कार्य के दौरान अपने पद का दुरुपयोग किया। उन्होंने कागजों में कॉलोनियों का क्षेत्रफल कम दिखाकर सात बड़े कॉलोनाइजरों को फायदा पहुंचाया, जिससे बिजली कंपनी को लगभग एक करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।शिकायत सामने आने के बाद तत्कालीन अधीक्षण अभियंता (एसई) राकेश नायक ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए थे।

### जांच रिपोर्ट सौंपी, लेकिन फैसला लंबित

मामले की जांच कर रहे अधिकारी राजन मिश्रा ने बताया कि उन्होंने निष्पक्ष तरीके से जांच पूरी कर ली है। करीब एक महीने पहले जांच रिपोर्ट वरिष्ठ कार्यालय को सौंप दी गई थी। अब आगे की कार्रवाई का फैसला वरिष्ठ स्तर पर लिया जाना है, जो फिलहाल लंबित है।





### विजिलेंस में पदस्थ विभाग पर उठे सवाल

गंभीर भ्रष्टाचार के आरोपों के बावजूद डीई अमित राय वर्तमान में सीहोर में ही विजिलेंस विभाग में पदस्थ हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद भी किसी तरह की कार्रवाई न होना और आरोपी अधिकारी का विजिलेंस जैसे विभाग में बने रहना, विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।

## मंदिर-धर्मशाला निर्माण के लिए विधायक सुदेश राय को सौंपा ज्ञापन


**सीहोर।** जांगिड़ ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल ने समाज के बहुप्रतीक्षित विश्वकर्मा मंदिर एवं धर्मशाला निर्माण कार्य के लिए विधायक सुदेश राय को ज्ञापन सौंपकर विधायक निधि से आर्थिक सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। यह ज्ञापन जांगिड़ ब्राह्मण समाज मंदिर एवं धर्मशाला निर्माण समिति के अध्यक्ष अनोखी लाल विश्वकर्मा के नेतृत्व में सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि जांगिड़ ब्राह्मण समाज सीहोर एक पिछड़ा एवं आर्थिक रूप से कमजोर समाज है। समाज के पास अब तक कोई स्थायी धार्मिक स्थल या धर्मशाला नहीं थी, जिससे सामाजिक, धार्मिक एवं संस्कारिक कार्यक्रमों का आयोजन सम्मानपूर्वक किया जा सके। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए समाज द्वारा अंडर ब्रिज के पास मुरली क्षेत्र में स्थित भूमि खसरा नंबर 178, वार्ड नंबर 12, पटवारी हल्का नंबर 37 पर विश्वकर्मा मंदिर एवं धर्मशाला निर्माण का संकल्प लिया गया। निर्माण समिति अध्यक्ष अनोखी लाल विश्वकर्मा ने बताया कि समाज के लोगों ने सीमित साधनों के बावजूद तन-मन-धन से सहयोग कर भवन का फाउंडेशन कार्य पूर्ण कर लिया है। यह कार्य समाज की एकता, आस्था और सामूहिक प्रयास का प्रतीक है। हालांकि आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण आगे का निर्माण कार्य कठिन होता जा रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जांगिड़ ब्राह्मण समाज में विधायक सुदेश राय को समाज का सच्चा हितैषी माना जाता है।



समाज को पूर्ण विश्वास है कि विधायक निधि से सहयोग मिलने पर यह मंदिर एवं धर्मशाला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगी, बल्कि गरीब, पिछड़े और जरूरतमंद समाजजनों के लिए सामाजिक उत्थान का माध्यम भी बनेगी। विधायक श्री राय ने अपने प्रति उत्तर में समाज के प्रतिनिधि मंडल को विधायक निधि से सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रामगोपाल विश्वकर्मा, भूपेंद्र विश्वकर्मा, राजेश शर्मा, मोहन विश्वकर्मा, बाला प्रसाद विश्वकर्मा, प्रदुम्न विश्वकर्मा सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

### रात के तापमान में 3.5 डिग्री की बढ़ोतरी, ठंड से राहत



**सीहोर।** गुरुवार को मौसम ने फिर करवट ली। आसमान में बादल छाए रहे। दिन के तापमान में हल्की गिरावट दर्ज हुई। रात के तापमान में 3.5 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। इससे लोगों को तेज ठंड से राहत मिली। गुरुवार को अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहा। बुधवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस था। बुधवार-गुरुवार की रात अचानक मौसम बदला। बादल छा गए। रात का तापमान बढ़कर 10 डिग्री पहुंच गया। दिन में बादलों के कारण तापमान थोड़ा गिरा। आरएके कॉलेज के ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया, अगले तीन दिन मौसम ऐसा ही रहेगा। बादल छाए रहेंगे। कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

## गोमाता की पूजा-अर्चना कर मनाया बसंत पंचमी पर्व

**सीहोर।** बसंत पंचमी पावन पर्व पर शहर ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय भोपाल नाके पर विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, शहर ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम यादव एवं नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर, प्रीतम दयाल चौरसिया, सुनील दुबे, रामायण प्रसाद शुक्ला, कमलेश चाण्डक, भगत सिंह तोमर, तुलसी राठौर, तनिष्क त्यागी, गजराज परमार सहित कार्यकर्ता एवं श्रद्धलुओं ने गौमाता का तिलक लगाकर और पुष्प मालाएं पहनाकर भव्य श्रृंगार किया गया।

इसके साथ ही गुड़, लापसी और हरा चारा खिलाकर जनमानस के लिये सुख-समृद्धि की कामना की एवं परम पूज्य शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी एवं गौ माता की रक्षा के समर्थन में पूजन किया।



इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती एवं शहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव द्वय ने गौ-माता की पूजन अर्चन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गौ-आरती की गई। इस मौके पर घनश्याम यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में न गौ- हत्या बंद हो रही है, न ही शंकराचार्य की मर्यादा सुरक्षित है। देश के सबसे बड़े बीफ (गौ-मांस) एक्सपोर्ट में सत्ता से जुड़े लोग शामिल है। धर्म के नाम पर सत्ता चलाने वाले ही आज धर्म और संतों को बदनाम कर रहे हैं।

## 42 वारंटी गिरफ्तार, 127 पुलिस की कोम्बिंग गश्त में गुंडे-बदमाशों की जांच

### 211 अफसर-कर्मचारियों ने दी दबिश



**सीहोर।** पुलिस ने 22-23 जनवरी 2026 की रात जिले भर में कोम्बिंग गश्त की। इस दौरान 142 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया और 127 निगरानी गुंडे-बदमाशों की जांच की गई।

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। जिले के 211 अधिकारी-कर्मचारियों की अलग-अलग टीमों ने मिलकर रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक अपराधियों के घरों पर दबिश दी। गिरफ्तार किए गए 142 वारंटियों में 54 स्थायी वारंट और 88 गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं।

### अभियान में 127 चिन्हित अपराधियों की सघन चेकिंग

कोम्बिंग गश्त के दौरान, थाना भैरूंदा पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया। वहीं, थाना मंडी पुलिस ने आईटी एक्ट के एक मामले में फरार अपराधी को पकड़ा। अभियान में 127 चिन्हित अपराधियों की सघन चेकिंग की गई, जिनमें निगरानी बदमाश और गुंडे शामिल थे।

कोम्बिंग गश्त से पहले सभी थानों की टीमों को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ब्रीफ किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला थाना अहमदपुर और दोराहा में मौजूद रहे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत थाना कोतवाली और बिलकिसगंज में, प्रभारी एसडीओपी बुदनी प्रवीण चडोकर थाना बुदनी में, एसडीओपी भेरूंदा रोशन जैन थाना भेरूंदा में, एसडीओपी आष्टा आकाश अमलकर थाना आष्टा और पार्वती में, एसडीओपी पूजा शर्मा थाना श्यामपुर में, और नगर पुलिस अधीक्षक सीहोर अभिनंदना शर्मा थाना कोतवाली में उपस्थित रहीं।

### जटायु मशीन एक आधुनिक और पूरी तरह यंत्रीकृत स्वच्छता समाधान

# जटायु मशीन संचालन के लिए एमओयू: कचरा प्रबंधन वैज्ञानिक तरीके से होगा, मशीन से होगी सड़कों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) मध्यप्रदेश और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की पहल पर गुरुवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया गया। यह एमओयू सीहोर जिला पंचायत और मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के बीच जटायु मशीन के संचालन को लेकर हुआ है।

एमओयू पर मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के प्रबंध निदेशक भरत यादव और पंचायत राज संचालनालय के संचालक सह आयुक्त छोटे सिंह ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव दीपाली रस्तोगी, स्वच्छ भारत मिशन के मिशन संचालक दिनेश जैन, राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की संयुक्त आयुक्त शिवानी वर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।




### जटायु मशीन से होगी आधुनिक और सुरक्षित सफाई

जटायु मशीन एक आधुनिक और पूरी तरह यंत्रीकृत स्वच्छता समाधान है। यह मशीन सड़कों और हाईवे की प्रभावी सफाई करेगी, जिससे मैनुअल श्रम पर निर्भरता कम होगी। इससे न केवल स्वच्छता बढ़ेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और क्षेत्र की सुंदरता में भी सुधार होगा।

**कचरा प्रबंधन वैज्ञानिक तरीके से होगा :** यह मशीन सड़क किनारे फैले कचरे, प्लास्टिक और धूल का आधुनिक तरीके से संग्रह और निपटान करेगी। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत प्लास्टिक कचरे को रीसाइक्लिंग के लिए भेजा जाएगा, जैविक कचरे से कम्पोस्ट तैयार किया जाएगा और शेष कचरे को सुरक्षित लैंडफिल तक पहुंचाया जाएगा।

### ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों को मिलेगा लाभ

जटायु मशीन का संचालन भोपाल-देवास राज्य राजमार्ग के अंतर्गत आने वाले स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को स्वच्छ वातावरण, बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित आवागमन का लाभ मिलेगा।

खबर संक्षेप

## गोकुल धाम में खाटू श्याम मंदिर का द्वितीय वार्षिकोत्सव कल



**भैरूंदा।** इंदौर रोड स्थित गोकुल धाम कॉलोनी में रविवार 25 जनवरी को भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अनुपम संगम देखने को मिलेगा। यहां स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर का द्वितीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। वार्षिकोत्सव का आयोजन श्री श्याम परिवार द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि इस अवसर पर दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलेगी। दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। रात्रि 7:30 बजे प्रभु की ज्योत प्रज्ज्वलित की जाएगी। इसके पश्चात भजनों एवं संकीर्तन का आयोजन होगा, जहां श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर खाटू श्याम के भजनों पर झूमते नजर आएंगे। श्री श्याम परिवार ने क्षेत्र की धर्मप्रेमी जनता एवं श्याम भक्तों से सपरिवार वार्षिकोत्सव में शामिल होकर बाबा श्याम का आशीर्वाद लेने की अपील की है।

### शराबखोरी से महिलाएं परेशान, कार्रवाई नहीं हुई तो जिला मुख्यालय पर करेंगे धरना-प्रदर्शन

# ट्रैक्टर-ट्रालियों से महिला पहुंची थाने, बोलीं:घर से निकलना दूभर, बेटियों का स्कूल जाना मुश्किल

महिलाओं का कहना है कि गांव के चौक-चौराहों पर दिनभर शराबखोरी होती रहती है। नशे में धुत लोग गाली-गलौज करते हैं, राहगीरों से उलझते हैं और महिलाओं-बच्चियों के लिए असुरक्षा का माहौल बनाते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





ग्राम पंचायत तिलाडिया में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ महिलाओं का गुस्सा शुक्रवार को सड़कों पर फूट पड़ा। बड़ी संख्या में महिलाएं ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर भैरूंदा थाना पहुंचीं और थाना प्रभारी घनश्याम दांगी को ज्ञापन सौंपकर गांव से अवैध शराब की बिक्री तत्काल बंद कराने की मांग की। महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि खुलेआम बिक रही शराब ने गांव का माहौल भयावह बना दिया है—घर से निकलना मुश्किल हो गया है और बेटियों का स्कूल जाना तक दूभर हो गया है।

महिलाओं का कहना है कि गांव के चौक-चौराहों पर दिनभर शराबखोरी होती रहती है। नशे में धुत लोग गाली-गलौज करते हैं, राहगीरों से उलझते हैं और महिलाओं-बच्चियों के लिए असुरक्षा का माहौल बनाते हैं। शाम ढलते ही हालात और बिगड़ जाते हैं। कई परिवारों में नशे के कारण रोजाना झगड़े हो रहे हैं, घरेलू शांति भंग हो चुकी है और सामाजिक ताना-बाना कमजोर पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत तिलाडिया की निवासी मांगी बाई ने बताया कि अवैध शराब का सीधा असर बच्चों पर पड़ रहा है। "छोटे बच्चे गलत संगत में जा रहे हैं। नशे में धुत लोग नाबालिगों से मारपीट तक कर देते हैं। महिलाओं का घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है," उन्होंने कहा। अन्य महिलाओं ने बताया कि भय के कारण कई बेटियां नियमित रूप से स्कूल नहीं जा पा रही हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है और भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। महिलाओं का आरोप है कि गांव में ही कुछ लोग शराब की आपूर्ति कर रहे हैं। वर्तमान में करीब सात स्थानों पर अवैध शराब की बिक्री हो रही है। इसकी जानकारी पहले भी प्रशासन को दी गई थी, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होने से अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। इसी उपेक्षा के चलते महिलाएं मजबूरन थाने तक पहुंचीं। महिलाओं ने साफ शब्दों में चेताया कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा तथा जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

ज्ञापन में मांग की गई कि अवैध शराब के ठिकानों पर तत्काल छापेमारी कर सप्लाई चेन तोड़ी जाए, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो, गांव में नियमित गश्त बढ़ाई जाए और रात के समय पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित की जाए। साथ ही नशे से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई की भी मांग रखी गई।

इस पर थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने महिलाओं को आश्वस्त किया कि शिकायत गंभीर है और तुरंत कार्रवाई की जाएगी। अवैध शराब के ठिकानों की पहचान कर छापेमारी की जाएगी तथा दोषियों पर कठोर कदम उठाए जाएंगे। पुलिस ने ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## रस्साकसी में बुजुर्गों ने दिखाया दम छात्रों ने कबड्डी में बाजी मारी



**इछावर।** शुक्रवार को नादान मिडिल स्कूल परिसर में सेक्टर स्तरीय आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, कुर्सी दौड़ आदि गतिविधियों के साथ ही लोक नृत्य, संगीत नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गये। कार्यक्रम में नादान , अलीपुर, जामली और मोयापानी पंचायत के ग्रामीण एवं स्कूलों के छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को शील्ड और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि राजेश राठौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम में रस्साकसी प्रतियोगिता में बुजुर्गों की टीम ने दम दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

नादान और अलीपुर मिडिल स्कूल के बीच कबड्डी का रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें नादान स्कूल की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। चम्मच दौड़ में अलीपुर के छात्र रितेश प्रथम एवं नादान स्कूल की छात्रा वैष्णवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कुर्सी दौड़ में नादान की प्रियांशी ने प्रथम , कोलूखेड़ी की सोनाक्षी ने द्वितीय एवं वीरपुर की छात्रा विपाशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो प्रतियोगिता में अलीपुर मिडिल स्कूल प्रथम रही जबकि नादान उपविजेता रही है। कार्यक्रम में सेक्टर प्रभारी महेश कुमार राठौर , शिक्षक कमलसिंह मालवीय, पंचायत सचिव नेपाल सिंह नागर, मेहरबान सिंह प्रजापति, हेमराज बारेला, दशरथ सिंह मालवीय, संतोष सूर्यवंशी, अजरूद्दीन, ओमप्रकाश मालवीय, अब्दुल अनीस, जगदीश बारेला, शिवानी जयसवाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## पीएमश्री स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल मंडी में मनाया गया बसंत पंचमी पर्व



**सीहोर।** शुक्रवार को नगर के पीएमश्री स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल मंडी में उत्साह पूर्वक बसंत पंचमी का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सुबह ज्ञान की देवी मां सरस्वतीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और सरस्वती वंदना क़ी गई।

आयोजित कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्या डॉ. हेमलता राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि हर व्यक्ति और खासकर विद्यार्थियों के जीवन में ज्ञान का बहुत अधिक महत्व है।

बिना ज्ञान के मनुष्य का जीवन पशु तुल्य है। हमारे शास्त्रों में ज्ञान की देवी माँ सरस्वती को माना गया है, इसलिए विद्यार्थियों को हमेशा माता सरस्वती की आराधना करना चाहिए। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं के साथ छात्रों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## भैरुंदा के चार होनहारों की चमक, सीहोर की जीत में निभाई अहम भूमिका



**भैरुंदा।** खेलो मध्य प्रदेश अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में सीहोर जिले की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल मुकाबले में टीम ने राजगढ़ के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज की। 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सीहोर ने बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत में भैरुंदा के दिव्यांशु वर्मा, पीयूष प्रधान, रौनक शर्मा, भविष्य पंवार, इन चार खिलाड़ियों का योगदान खास रहा।

जिले की टीम में इन चारों की मौजूदगी नगर के लिए गर्व का विषय है। राज्य स्तरीय मंच पर भैरुंदा के खिलाड़ियों की यह सफलता क्षेत्र की खेल प्रतिभा को नई पहचान दिलाएगी। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के पीछे उनके कोच राकेश पंवार (रक्का) का मार्गदर्शन रहा। कोच पंवार ने निरंतर अभ्यास, अनुशासन और तकनीकी तैयारी के जरिए खिलाड़ियों को इस स्तर तक पहुंचाया। खेल प्रेमियों का मानना है कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन करेंगे। खेल प्रेमियों, अभिभावकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने टीम को बधाई देते हुए फाइनल मुकाबले के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## बगवाड़ा में आज होगा हिंदू सम्मेलन 'एक संग-एक पंगत' का संदेश



**भैरूंदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में आयोजित हो रहे हिंदू सम्मेलनों की कड़ी में ग्राम पंचायत बगवाड़ा में आज भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं, पुरुष एवं युवा पारंपरिक वेशभूषा में सहभागिता करेंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगी। सम्मेलन के दौरान संत, कथावाचक एवं वक्ता धर्म, संस्कृति और सामाजिक समरसता पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम के समापन पर 'एक संग—एक पंगत' की भावना के साथ हजारों श्रद्धालु एक साथ बैठकर सामूहिक भोजन (भंडारे) में सहभागी होंगे। आयोजन समिति के अनुसार सम्मेलन की तैयारियां बीते एक माह से चल रही हैं। गांव सहित आसपास के ग्रामों में घर-घर जाकर पीले अक्षत एवं भारत माता का चित्र देकर आमंत्रण दिया गया। आयोजन का उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक एकता, सामाजिक समरसता, धार्मिक जागरूकता तथा सनातन परंपराओं के संरक्षण का संदेश देना है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## ठेकेदार की पुत्री के विवाह पर कंपनी ने दिया 21 हजार का चेक



**इछावर।** वंडर सीमेंट लिमिटेड ने प्राइम क्लब कन्यादान योजना के तहत प्राइम ठेकेदार कांता प्रसाद की पुत्री सरिता के विवाह अवसर पर शुक्रवार को विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर कंपनी के तकनीकी अधिकारी अभय बिसेन, विक्रय अधिकारी जगदीश सिंह एवं डीलर दीपक विश्वकर्मा ने बेटी को 21 हजार रुपए राशि का चेक भेंट किया। साथ ही नवविवाहिता को शुभ आशीर्वाद दिया।

## बोरखेड़ाकलां बालिका क्रिकेट टीम का दबदबा कायम



**भैरूंदा।** सुषमा स्वराज स्टेडियम में आयोजित बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में बोरखेड़ा कलाँ की बालिका क्रिकेट टीम ने शानदार और एकतरफा प्रदर्शन करते हुए मेजबान खातेगांव को 10 विकेट से पराजित कर लगातार दसवीं बार जीत अपने नाम दर्ज की।फाइनल मुकाबले में बोरखेड़ा कलाँ की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी खातेगांव की बालिका टीम 8 ओवर के निर्धारित मुकाबले में केवल 35 रन ही बना सकी। बोरखेड़ा की ओर से दीक्षा पंवार ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके, वहीं सुहाना धावरे और निशा पंवार ने 2-2 विकेट लेकर मेजबान टीम की रन गति पर पूरी तरह अंकुश लगाए रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बोरखेड़ा कलाँ की टीम ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए महज 3 ओवर में बिना किसी विकेट के नुकसान के लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से निशा पंवार ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 25 रन बनाए और टीम को आसान जीत दिलाई। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' घोषित किया गया।मैच के समापन अवसर पर खातेगांव नगर परिषद की अध्यक्ष ने विजेता बोरखेड़ा कलाँ टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया और टीम के अनुशासन व खेल भावना की सराहना की। इस ऐतिहासिक जीत पर बोरखेड़ा कलां गांव में हर्षोल्लास का माहौल रहा, वहीं समस्त ग्रामवासियों ने खिलाड़ियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### सांदीपनि विद्यालय में बसंत पंचमी व पराक्रम दिवस का गरिमामय आयोजन

# मां सरस्वती की पूजा, नेताजी को नमन-ज्ञान अनुशासन और राष्ट्रभाव से ओतप्रोत रहा परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



नगर के सांदीपनि विद्यालय में शुक्रवार को बसंत पंचमी एवं पराक्रम दिवस के पावन अवसर पर श्रद्धा, अनुशासन और राष्ट्रभावना से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्या की देवी माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई, वहीं पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य में महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाते हुए उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए।

कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त विद्यार्थी, शिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। प्रातःकालीन वातावरण मंत्रोच्चार, भक्ति और देशभक्ति के भाव से गूंज उठा। विद्यालय परिसर ज्ञान, संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना से ओतप्रोत दिखाई दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री शैलेन्द्र जी ने अपने संक्षिप्त वक्तव्य में कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान, संस्कृति और नवचेतना का पर्व है, जो विद्यार्थियों में सद्बुद्धि, विवेक और सृजनशीलता का विकास करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान अर्जित करना नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का निर्माण भी है। विद्यार्थियों को जीवन में सत्यनिष्ठा, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। पराक्रम दिवस के संदर्भ में प्राचार्य ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन साहस, त्याग और राष्ट्रप्रेम की अनुपम मिसाल है। उनका दृढ़ संकल्प और अदम्य साहस आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान के विद्यार्थी ही राष्ट्र का उज्वल भविष्य हैं और उन्हें देशहित को सर्वोपरि रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने सत्य, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समापन माँ सरस्वती से सद्ज्ञान की प्रार्थना एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस को शत-शत नमन के साथ हुआ। कार्यक्रम की गरिमा और अनुशासित आयोजन ने सभी उपस्थितों पर गहरा प्रभाव छोड़ा।

## बसंत पंचमी पर स्थापना दिवस मनाया गया, विधायक सुदेश राय हुए शामिल



**अहमदपुर।** शुक्रवार को बसंत पंचमी पर्व पर अहमदपुर में संचालित रेड रोज स्कूल में, रजत जयंती स्थापना दिवस 25 व वर्ष बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें क्षेत्र के जन प्रतिनिधि छात्र-छात्रा पालकगण उपस्थित थे

कार्यक्रम में धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई छात्र-छात्रा द्वारा दी गई प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया कार्यक्रम का संचालन प्रतीक चण्डक ने किया एब कार्य्रकम का आयोजन महेंद्र दांगी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सुदेश राय ने अपने संबोधन में कहा कि गर्व की बात है कि आज ग्रामीण क्षेत्र में बच्चे पढ़कर कई प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाए दे रहे है अपनी सेवाएं दे रहे हैं, वही विधायक सुदेश राय ने सभी विद्यार्थियों को बसंत पंचमी की शुभकामनाओं के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की अपने उद्बोधन में विधायक सुदेश राय ने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा का स्तर सुधार रहा है, शिक्षा को लेकर लोग जागरूकता दिख रहे है अपने बच्चों को उच्च स्तर की शिक्षा दिलाने का प्रयास उनके माता-पिता द्वारा किया जा रहा है वही विधायक सुदेश राय ने विद्यालयों में पड़कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों की जमकर तारीफ की है और कहां है कि विद्यार्थियों के लिए जब भी किसी विद्यार्थियों को उनकी जरूरत पड़ेगी विधायक सुदेश राय हमेशा उनके लिए तत्पर रहेंगे।

### संघ शताब्दी वर्ष पर सारंगपुर में भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित

# हिंदू बनो तो विवेकानंद, मुसलमान बनो तो अब्दुल कलामः वर्षा नागर

### भगवा पताकाओं, झांकियों व कलश यात्रा के साथ निकला चल समारोह






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर तथा अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय तिथि के पावन पर्व पर सारंगपुर नगर में हिन्दू समाज द्वारा एक भव्य हिन्दू सम्मेलन एवं विशाल चल समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर धर्ममय वातावरण से ओत-प्रोत दिखाई दिया और "वंदे मातरम्", "भारत माता की जय" तथा "जय श्रीराम" के गगनभेदी नारों से पूरा नगर गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत पंडितवाड़ी स्थित श्रीराम मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन एवं महाआरती से हुई। इसके पश्चात भव्य कलश यात्रा एवं चल समारोह नगर भ्रमण के लिए रवाना हुआ।

#### झांकियों और भगवा पताकाओं से सजा नगर

चल समारोह में बैंड-बाजों की मधुर धुनों के साथ बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवा शामिल हुए। यात्रा में भगवा ध्वजों से सुसज्जित वाहन भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकी भारत माता की जीवंत झांकी घोड़े पर सवार रानी लक्ष्मीबाई की वीरता दर्शाती झांकी गौशाला, शिलानाथ बाबा का धूना राष्ट्र एवं महापुरुषों की प्रेरणादायी झांकियां नगरवासियों का मन मोह रही थीं। चल समारोह गांधी चैक, सदर बाजार, अम्बे माता मंदिर, जमा मस्जिद क्षेत्र, रंगेरवाड़ी, बागकुआ, बदलीपुरा, पालीवाल कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड, एबी रोड, अकोदिया नाका होते हुए कृषि उपज मंडी परिसर पहुंचा। नगर के विभिन्न मार्गों पर नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

#### यज्ञ, पूर्णाहुति व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

कृषि उपज मंडी परिसर में गायत्री परिवार द्वारा वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने आहुति प्रदान कर राष्ट्र, समाज और विश्व कल्याण की कामना की। इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जहां छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय एवं सनातन संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि से सराहा।

#### इस दौरान सुरेंद्र सोलंकी बोले- संगठित हिंदू समाज ही राष्ट्र की शक्ति

प्रांतीय संगठन मंत्री सुरेन्द्र सोलंकी ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि "आज हिंदू समाज के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ खड़ी हैं। इतिहास साक्षी है कि जब समाज संगठित नहीं रहा, तब विदेशी आक्रांताओं और अत्याचारों का सामना करना पड़ा।" उन्होंने कहा कि आज भी जातिगत भेदभाव, सामाजिक विघटन,जनसंख्या असंतुलन सांस्कृतिक विस्मृति जैसे संकट राष्ट्र की एकता को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संगठित, संस्कारित और समरस हिंदू समाज ही राष्ट्र की रक्षा कर सकता है। जब हिंदू समाज एकजुट होगा, तभी भारत विश्व को शांति, सहिष्णुता और सद्भाव का मार्ग दिखा सकेगा।

#### *वर्षा नागर का प्रेरक संबोधन - संस्कार ही राष्ट्र की असली शक्ति*

*संघ शताब्दी वर्ष के स्थापना उत्सव अवसर पर मुख्य वक्ता वर्षा नागर ने मां भगवती, बिजासन माता, वैष्णो देवी एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरणों में वंदन करते हुए अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि "राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से निस्वार्थ भाव से राष्ट्र, समाज और संस्कृति की सेवा करता आ रहा है।"उन्होंने बताया कि संघ का मूल उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना समाज को जागरूक बनाना संस्कारों को पीढ़ी दर पीढ़ी पहुंचाना है। वर्षा नागर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल मोबाइल, सोशल मीडिया और मनोरंजन तक सीमित न रहें, बल्कि अपने इतिहास को जानें अपने वीरों को पहचानें अपनी संस्कृति पर गर्व करें उन्होंने महाराणा प्रताप, महाराणा कुंभा जैसे महापुरुषों के त्याग, शौर्य और बलिदान से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। बेटियों को दिया दुर्गा स्वरूप बनने का संदेश दिया, तथा कहा कि भारत की बेटियां केवल परिवार नहीं, राष्ट्र की शक्ति हैं। उन्हें दुर्गा स्वरूप बनकर आत्मनिर्भर, साहसी और संस्कारवान बनना चाहिए।*

---

### एसआईआर के संबंध में इंका जिलाध्यक्ष ने लगाए आरोप

# कांग्रेस समर्थित वैध मतदाताओं के कटवाए जा रहे नामः प्रियवृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

निवार्चन आयोग द्वारा निवार्चन के तहत ड्राफ्ट मतदाता सूचियों के प्रकाशन उपरान्त कल 22 जनवरी तक दावे-आपत्तियों प्राप्त करने के अंतिम दिवस जिला कांग्रेस द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता में पार्टी जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने आरोप लगाए कि भाजपाईयों द्वारा एसआइआर कार्य के तहत कांग्रेस समर्थित वैध मतदाताओं के नाम सूची से हटाने आवेदन दिए जा रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि हर मतदान केंद्र पर 50 से 100 मतदाताओं के नाम हटाने का प्रयास भाजपा कर रही है। इस संबंध में जिले के कुछ वोटर्स से प्राप्त शिकायतों का उल्लेख इंका जिलाध्यक्ष द्वारा प्रेसवार्ता में किया गया। उन्होंने बताया कि ब्यावरा विधानसभा में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रहलाद दांगी एवं कन्हैयालाल दांगी के फर्जी दस्तखत कर आपत्तियां प्रस्तुत की गई हैं। इसी तरह सारंगपुर विस में भी इसी तरह की शिकायत मिली है। विभिन्न बूथों पर पदस्थ बीएलओ भी बल्क में(ज्यादा संख्या में) आपत्तियां प्राप्त कर रहे हैं जबकि बीएलओ एक बार में अधिकतम 10 आपत्तियां, फार्म स्वीकार कर सकते हैं। भाजपाईयों द्वारा नाम हटाने जो आपत्तियां प्रस्तुत की जा रही हैं वे सभी असत्य और फर्जी हस्ताक्षरों से प्रस्तुत की गई हैं।

#### यह रखी मांगें

कांग्रेस ने मांग रखी कि जिले में प्रस्तुत फर्जी आपत्तियां बिना किसी जांच के निरस्त की जाएं। असत्य शपथ-पत्र भरने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जाए साथ ही मतदाताओं के सत्यापन की आवश्यकता होने पर सत्यापन के समय राजनैतिक दलों के बीएलओ को आवश्यक रूप से उपस्थित होने के लिए सूचना देना सुनिश्चित किया जाए।

---

## भूकंप, आगजनी जैसी आपदाओं से निपटने के सिखाए गुर

### मानव जीवन बचाने के बारे में जीवंत प्रदर्शन किया गया



**राजगढ़।** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल(एनडीईआरएफ) भोपाल के तत्वावधान में गुरुवार को स्थानीय शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वर्कशॉप आयोजित कर विद्यार्थियों को आपदाओं से निपटने के गुर सिखाए गए। इस दौरान एनडीईआरएफ की प्रशिक्षित टीम ने भूकंप, आगजनी, गैस रिसाव, मकान ढहने, सर्पदंश जैसी स्थितियों में कैसे अपना मानव जीवन बचाया जा सकता है, इस बारे में जीवंत प्रदर्शन किया गया। टीम द्वारा प्राथमिक उपचार, गले में फंसी वस्तुओं को बाहर निकालने, आपदाओं के पीड़ितों के बचाव, सावधानानियों सहित आपदा के समय क्या करें और क्या न रकें इस बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों ने अपने मन में उठी जिज्ञासाओं के संबंध में टीम से सवाल किए जिनका समाधान किया गया। इस दौरान कॉलेज प्राचार्य विपिन खरे ने कहा कि प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं के समय सही जानकारी, अनुशासन, धैर्यता, नियमित प्रशिक्षण से ही जन-धन की हानि को कम किया जा सकता है। ऐसे अभ्यास विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान देने के साथ सेवाभाव भी विकसित करते हैं।

---

## स्वयं की किडनैपिंग व लूट की कहानी का पुलिस ने 48 घंटे में किया खुलासा

### 54 लाख रुपए का ट्रक व मसूर जब्त, चालक गिरफ्तार



**सारंगपुर।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत सारंगपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए स्वयं की किडनैपिंग व लूट की झूठी कहानी रचने वाले ट्रक चालक को महज 48 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर करीब 54 लाख रुपये कीमत का मशरूका बरामद किया है। इस कार्रवाई में 37 लाख रुपये कीमत का ट्रक एवं 17 लाख रुपये मूल्य की 230 क्विंटल मसूर (380 कट्टे) जब्त की गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के. एल. बंजारे तथा एसडीओपी सारंगपुर अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में थाना सारंगपुर पुलिस द्वारा की गई। प्राप्त जानकारी अनुसार 15 जनवरी 2026 को फरियादी महेश पिता स्व. शिवनारायण राठौर, निवासी सारंगपुर ने थाना सारंगपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि वह कृषि उपज मंडी सारंगपुर में थोक गल्ला व्यापारी है। 08 जनवरी 2026 को उसने अपने सहयोगी व्यापारी मोहन सिंह सोलंकी के साथ मिलकर 230 क्विंटल मसूर (380 कट्टे) ट्रक क्रमांक त्श्र-08-ळ।-6989 में खंडेलवाल ट्रांसपोर्ट कंपनी, नलखेड़ा के माध्यम से दिल्ली भेजी थी। नियत समय पर ट्रक दिल्ली नहीं पहुंचा। जब व्यापारी ने चालक से संपर्क किया तो उसका मोबाइल बंद मिला। दो दिन बाद ट्रक चालक ने फोन कर बताया कि हरियाणा के नूंह जिले के के.एम.पी. हाईवे पर रात करीब 1 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे लड्डू में नशीला पदार्थ खिलाया, जिससे वह बेहोश हो गया। 36 घंटे बाद उसे राजस्थान के जयपुर के पास चंदवाजी हाईवे पर होश आया, जहां ट्रक और माल गायब था।ड्राइवर ने इस संबंध में थाना रोजका मेव, जिला नूंह (हरियाणा) में भी शिकायत दर्ज कराने की बात कही। लेकिन व्यापारी को चालक की कहानी पर संदेह हुआ, जिसके बाद वह थाना सारंगपुर पहुंचा और चालक पर ही अमानत में खयानत का आरोप लगाया।

---

## भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा



**माचलपुर।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम लसुड़ियि के हिंदू समाज द्वारा भव्य शोभा यात्रा वा विभिन्न धार्मिक आयोजन किये। उल्लेखनीय है कि दो वर्ष पूर्व आराध्य भगवान राम दशकों की प्रतिक्षा के बाद बिराजमान हुऐ थे तभी से इस दिन धार्मिक आयोजन की शुरुआत हुई जिसमे तभी से गांव में प्रभात फेरी निकाली जाती। गुरुवार को राम की भव्य शोभायात्रा हनुमान मंदिर से बैंड बाजे डीजे की धुन पर शुरू हुई जिसमे बड़ी संख्या महिला पुरुष वा युवा ने हिस्सा लिया शोभायात्रा में रामदरबार की आकर्षक चालित झांकी साथ चल रही थी और युवा भजनों की धुन पर थिरकते चल रहे थे। झांकी में बिराजमान भगवान की गांव के विभिन्न मोहल्लों के घरों के सामने पूजा आरती की गई। गांव भ्रमण कर राम मंदिर,रामदेव मंदिर होकर हनुमान मंदिर पहुंची जहां महाआरती हुई और सामूहिक भंडारा हुआ। इस कार्यक्रम में विधायक हजारीलाल दांगी ने धर्मशाला निर्माण के लिए दस लाख रूपये देने की घोषणा की इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, जिला पंचायत सदस्य यशवंत सिंह गुर्जर, हनुमान पाटीदार, मंडल अध्यक्ष अमिता मंडलोईसहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

---

## कुदाली में शिव महापुराण कथा श्रद्धा के साथ जारी



**नरसिंहगढ़।** तहसील के ग्राम कुदाली में महिला मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित सप्तदिवसीय शिव महापुराण कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन भक्तिभाव के साथ निरंतर जारी है। कथा स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुँच रहे है। यह धार्मिक आयोजन 19 जनवरी से प्रारंभ हुआ है। प्रतिदिन प्रातः साढ़े आठ बजे से ग्यारह बजे तक शिव महापुराण कथा का वाचन किया जा रहा है, जबकि दोपहर साढ़े बारह बजे से चार बजे तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन संपन्न हो रहा है। आयोजन का समापन 26 जनवरी को पूर्णाहूति, विधिवत पूजन एवं महाप्रसादी वितरण के साथ किया जाएगा। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया गया है।

---

## अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की विभाग बैठक संपन्न



**झाड़ल।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की विभाग बैठक झाड़ला जोड़ हनुमान मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक में डॉ प्रवीण जी तोगड़िया के आगामी कार्यक्रम और राजगढ़ ब्यावरा विभाग के लिए प्रवास पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय महामंत्री संजीव जी पटेरिया और राजगढ़ विभाग महामंत्री दीपक पाठक ने भगवान राम और हिंदू धर्म पर चर्चा की। इस अवसर पर विभाग जिला अध्यक्ष भरत सिंह मीणा ने प्रांत महामंत्री संदीप पटेरिया के द्वारा कार्यकारिणी की गठित की गई, जिसमें राष्ट्रीय बजरंग दल युवा जिला अध्यक्ष सुनील पटेल, विभाग मंत्री सुरेंद्र सिंह शेखावत, नगर अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह परमार, गो रक्षा प्रमुख जगदीश विश्वकर्मा, दिलीप सिंह मीणा, विभाग मंत्री राजू दास बैरागी, गो रक्षा सदस्य विभाग मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश जोशी, दीवान सिंह मीणा, नगर अध्यक्ष डॉ रोहित शर्मा, हिंदू हेल्पलाइन जिला संयोजक सत्संग प्रमुख मोहन राठौर, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष महेश चैरसिया को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर सूरज यादव, बजरंग दल जिला अध्यक्ष भोपाल विकास चैरसिया, जिला अध्यक्ष भोपाल जिला राजगढ़ ब्यावरा अध्यक्ष भारत सिंह मीणा, विभाग महामंत्री नंदकिशोर चैधरी, उपाध्यक्ष संजय सिंह सिसोदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार मेवाडा, राष्ट्रीय बजरंग दल जिला उपाध्यक्ष सुरेश वर्मा, फूल सिंह मंडलोई, अमित परिहार, कैलाश प्रजापति, रूपराम लखन चंद्रवंशी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी का आभार विभाग महामंत्री नंदकिशोर चैधरी ने किया।

---

## धनक मुनि जयंती पर वंशकार धानुक समाज ने शोभायात्रा निकाली

### नगर में पहली बार निकाला चल समारोह सामाजिक एकता का दिया संदेश




**नरसिंहगढ़।** गुरु महाराज धनक मुनि जयंती अवसर पर गुरुवार को वंशकार (धानुक) समाज द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा नरसिंहगढ़ नगर में पहली बार आयोजित की गई, जिसे लेकर समाजजनों में विशेष उत्साह और गौरव का माहौल रहा। शोभायात्रा का शुभारंभ प्रातः नरसिंह स्टेडियम से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मेला बाग स्थित सामुदायिक भवन पर समापन के साथ सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में समाजजनों एवं नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष वी.पी. बंसल, वरिष्ठ समाजसेवी एवं एडवोकेट मधुराज , पूर्व विधायकध्सांसद धनश्याम पिरोनिया, एसडीएम नथूलाल जी, सुशील कुमार, सुधीर कशवाय, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण वंशकार सहित समाजबंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने महाराज धनक मुनि के जीवन, विचारों और समाज सुधार में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए समाज को संगठित रहने का संदेश दिया।

आयोजन में ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल वंशकार, नगर अध्यक्ष संदीप वंशकार, वरिष्ठ समाजसेवी रमेश वंशकार, डॉ. एम.एल. वंशकार, अशोक , महेश वंशकार सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. एम.एल. वंशकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर इंदौर, भोपाल, सीहोर, विदिशा, गुना, अशोकनगर एवं राजगढ़ जिलों से वंशकार (धानुक) समाज के वरिष्ठजन, युवा और महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।

---

### बजरंग नवयुवक समिति ने नगर में चलित सुंदरकांड पारायण किया

**जीरापुर।** विगत 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीराम लला कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया गया था। जिसको लेकर पूरे देश में भगवान श्री राम कि प्राण प्रतिष्ठा को दीपावली कि तरह धार्मिक रूप से मनाया गया था।इसी तारतम्य में नगर कि प्रसिद्ध धार्मिक अनुशासित श्री बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ़ द्वारा नगर में किशनगढ़ मोहल्ला (गाड़ी अड्डा) चोक से चलित सुंदरकांड पारायण का आयोजन तृतीय वर्ष में किया गया। श्री बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ के समस्त सदस्य तथा श्रद्धालु भक्त किशनगढ़ चोक में एकत्रित हुए जहां पर हनुमान जी महाराज कि पुजा अर्चना एवं आव्हान करके संगीतमय चलित सुंदरकांड पारायण शुरू किया जो नगर के बुधवारिया बाजार , जवाहर चौक, इंदर चौराहा, माचलपुर रोड़ से जमाई कालोनी, अटल चौक, बृजवासी मोहल्ला होते हुए अपने गंतव्य स्थान पहुंचा। मध्य रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं हनुमान जी कि पूजा आराधना लोगों द्वारा की गई। वहीं सभी सदस्य लय ताल के साथ सुंदरकांड पारायण करते चल रहें थे। सामूहिक आरती प्रसाद वितरण किया।

---

### दानवीरों के साथ महिलाओं ने भी बढ़चढ़कर दिखाया हौसला

# मेडतवाल वैश्य समाज के तत्वावधान में 60 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा







मां फलोदी के आशीर्वाद से मेडतवाल वैश्य समाज ब्यावरा के तत्वाधान में नवयुवक संघ द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर उक्त शिविर में कुल 60 यूनिट रक्तदान हुआ जिसमें 10 महिलाएं समेत 50 पुरुषों ने रक्तदान किया वर्तमान समय में जिला राजगढ़ के ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए समाज के द्वारा यह लगातार नवा (9) रक्तदान शिविर है उक्त शिविर की शुरुआत सबसे पहले मां फलोदी की पूजा अर्चना के साथ की गई।

इस शिविर के साथ निशुल्क रक्त परीक्षण शुगर परीक्षण डॉक्टर रानू जी गुप्ता सानवी पैथोलॉजी ब्यावरा के द्वारा की गई साथ ही डॉ अनमोल जी गुप्ता द्वारा दंत परीक्षण भी निशुल्क किया गया उक्त कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ वरिष्ठ जनों के साथ डॉ रामकरण गुप्ता डॉक्टर रमेश गुप्ता डॉ राकेश गुप्ता डॉक्टर ब्रजमोहन गुप्ता, डॉ,धर्मेंद्र गुप्ता डॉ गौरव गुप्ता डॉ अर्पित गुप्ता डॉक्टर अनमोल एवं राजगढ़ की टीम से आए हुए अतिथियों का समाज जनों ने स्वागत किया वह नवयुवक मंडल व महिला मंडल द्वारा सभी पधारे हुए अतिथियों एवं डॉक्टरों की टीम का स्वागत किया गया राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार युवा भाजपा नेता पंडित अमित शर्मा मंडल अध्यक्ष राजू यादव दीपक सामरे सुमित सोलंकी भी शिविर में पधारे और उन्होंने भी मां फलोदी की पूजा अर्चना की समाज अध्यक्ष श्री गिरिराज जी सिंगी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सेठ साहब मोहन करोड़यि के कैलाश टाटा पुरुषोत्तम कुराडिया खेड़ी रामेश्वर पगारा वाले राम बाबू किल्ला वाले ब्रजमोहन हरीश नटराज दिलीप क्वालिटी आशीष घाटी वाले एवम नवयुवक संघ से रणछोड़ करोडीया द्वारका गुप्ता विनोद गुप्ता सर बालकृष्ण करोडिया राजकुमार गुप्ता मलावर वाले पुरुषोत्तम तालोड़ी वाले नाथ भैंसाना गोपाल भीलवाडिया वाले अंकुर चेतन जुलानिया नितेश जनवयुवक संघ अध्यक्ष रामकृष्ण गुप्ता अर्पित गुप्ता दीपेश भानेज गिरिराज गुप्ता मलावर वाले अनिल राहुल तनु आदित्य मोहन हलवाई सोनू गुप्ता भेसाना सभी नवयुवक संघ के सभी साथी उपस्थित थे' 23 तारीख के कार्यक्रमों की जानकारी मेडतवाल नवयुवक संघ के मीडिया प्रभारी सोनू गुप्ता द्वारा दी गई कि 23 जनवरी को सुबह वाहन रैली शासकीय अस्पताल में फल वितरण वैष्णो देवी गो चिकित्सालय पर गुड और घास की सेवा तत्पश्चात गोवर्धन चौक से विशाल शोभा यात्रा चल समारोह के रूप में नगर के प्रमुख मार्गो से निकल कर माधव जिन पर पहुंचेगी वहां सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामूहिक रूप से महा आरती एवं महाप्रसादी होगी।

## खबर संक्षेप

### शैक्षणिक संस्थानों में होंगी प्रतियोगिताएं

**आष्टा।** शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका द्वारा स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत निकाय स्तर पर शैक्षणिक संस्थानों में स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता नगर पालिका अध्यक्ष हेम कुंवर रायसिंह मेवाड़ा व मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद कुमार प्रजापति की निगरानी में संपन्न होगी। प्रतियोगिता के अंतर्गत नगर क्षेत्र के विद्यालयों व महाविद्यालयों में स्वच्छता के विभिन्न मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। नगर पालिका द्वारा गठित दल दिनांक 15 फरवरी से पूर्व सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों का भ्रमण कर अपनी मूल्यांकन रिपोर्ट नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत करेगा। मूल्यांकन के उपरांत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन विद्यालयों एवं तीन महाविद्यालयों को नगर पालिका द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वच्छता मानकों को सुदृढ़ करना तथा विद्यार्थियों में स्वच्छ वातावरण के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना है। साथ ही आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में नगर को एक सम्मानजनक स्थान दिलाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण साबित होगी।नगर पालिका प्रशासन ने सभी शैक्षणिक संस्थानों से प्रतियोगिता में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की है, जिससे स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ आष्टा के निर्माण में सामूहिक योगदान सुनिश्चित हो सके।

### हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष मनोनयन की प्रशासन को दी जानकारी

# प्रशासन और सनातन समाज के बीच सेतु का कार्य करेगी समितिः सुधीर पाठक

समिति के पुनर्गठन, नियुक्ति तथा नियमावली को लेकर हुई थी बैठक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



हिंदू उत्सव प्रबंध समिति का एक प्रतिनिधि मंडल समिति के प्रमुख पारसमल सिंघवी एवं हिंदू उत्सव समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष नारायण मुकाती उर्फ भूरु भाई के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम नितिन कुमार टाले से भेंट कर हिंदू उत्सव समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष के मनोनयन की औपचारिक जानकारी प्रशासन को दी। इस अवसर पर समिति प्रमुख पारसमल सिंघवी ने बताया कि लगभग दो माह पूर्व मानस भवन में हिंदू उत्सव समिति की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में समिति के पुनर्गठन, अध्यक्ष की नियुक्ति तथा नियमावली निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा हुई थी। प्रबंध समिति ने अनेक बैठक करने के पश्चात सर्वसम्मति से नारायण मुकाती उर्फ भूरु को हिंदू उत्सव समिति का अध्यक्ष बनाए जाने का निर्णय लिया गया था।

सभी सदस्यों की सहमति एवं विचार-विमर्श के पश्चात मुकाती को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। यह मनोनयन एक वर्ष की अवधि के लिए किया गया है। समिति के गठन के साथ ही हिंदू उत्सवों के सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण एवं मर्यादित संचालन के उद्देश्य से एक नियमावली भी तैयार की गई है। इस नियमावली का पालन समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के लिए अनिवार्य रहेगा, ताकि नगर में आयोजित होने वाले सभी धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्सव सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकें। समिति के वरिष्ठ सदस्य सुधीर पाठक ने एसडीएम नितिन कुमार टाले, तहसीलदार रामलाल पगारे एवं एसडीओपी आकाश अमलकर को अवगत कराया कि नवनियुक्त अध्यक्ष शीघ्र ही अपनी कार्यकारिणी समिति का गठन करेंगे।

यह समिति प्रशासन और सनातन समाज के बीच सेतु का कार्य करेगी तथा नगर में आयोजित होने वाले सभी त्योहारों को व्यवस्थित एवं अनुशासित रूप से मनाने एवं सभी की सुविधा को ध्यान में रखते हुई प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। एसडीएम नितिन कुमार टाले ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि हिंदू उत्सव समिति अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करेगी। वहीं एसडीओपी आकाश अमलकर ने कहा कि धार्मिक त्योहारों सहित अन्य आयोजनों में पुलिस प्रशासन हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रहता है और समिति के सहयोग से व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। इस अवसर पर समिति प्रमुख पारसमल सिंघवी, सुधीर पाठक, शेषनारायण मुकाती, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नरेंद्र गंगवाल, राजेंद्र जायसवाल, संजय सोनी बंटू, पंकज यादव, उमेश शर्मा, रुपेश राठौर, श्रीराम मंदिर समिति के अध्यक्ष गोविंद सोनी, शीतला माता मंदिर समिति के अध्यक्ष दिनेश सोनी, अनिल श्रीवास्तव, राजेंद्र सोलंकी, बी.एस. वर्मा, ज्ञानसिंह ठाकुर एडवोकेट,रवि सोनी, गजेंद्र मालवीय, दिलीप मालवीय सहित अनेक गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समिति के उमेश शर्मा ने उपस्थित सभी सदस्यों का परिचय दोनों अधिकारियों से कराया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई इस भेंट के दौरान नगर में धार्मिक उत्सवों के सुचारू संचालन को लेकर सकारात्मक चर्चा भी की गई।

# नेताजी के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा : नरेंद्र कुशवाहा

नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मनाई जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के प्रमुख सुभाषचंद्र बोस चार बत्ती चौराहा पर शुक्रवार को आज़ाद हिंद फ़ौज के संस्थापक व अमर स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 129वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में विभिन्न समाजों के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता व नगर के नागरिकों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिमा पर कौरी समाज अध्यक्ष मोंटू कौरी द्वारा माल्यार्पण कर किया। इसके पश्चात वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुभाष नामदेव ने भारत माता के नाम से अंकित वस्त्र का दुपट्टा पहनाकर कुशवाहा समाज अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाहा,पूर्व पार्षद रवि सोनी, जितेंद्र चौहान, अशोक डोंगरे, मनीष डोंगरे,अनिल डोंगरे एवं आशुतोष नामदेव का पुष्पहार से स्वागत एवं सम्मान किया। समारोह को संबोधित करते हुए कुशवाहा समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस के त्याग, संघर्ष और अदम्य साहस पर विस्तार से प्रकाश डाला। तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा' का उनका नारा आज भी युवाओं में राष्ट्र के लिए समर्पण और बलिदान की भावना जागृत करता है। आज़ाद हिंद फ़ौज के माध्यम से उन्होंने अंग्रेज़ी शासन को चुनौती देकर स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी।

देशभक्ति के नारों से गूंज उठा चौराहाकार्यक्रम के दौरान भारत माता की जय, नेताजी सुभाषचंद्र बोस अमर रहें जैसे गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया। सभी लोगों ने नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। समाजों की सहभागिता से बना आयोजन यादगारकार्यक्रम में विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों एवं नागरिकों की सहभागिता ने आयोजन को और भी भव्य एवं प्रेरणादायी बना दिया।

आयोजन शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का सफल संचालन एवं अंत में आभार प्रदर्शन डोंगरे समाज अध्यक्ष मनीष डोंगरे द्वारा किया गया।

# शासकीय महाविद्यालय में भारतीय परंपरा के तहत उत्साह के साथ मनाई वसंत पंचमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में भारतीय ज्ञान परंपरा के त्रैमासिक कैलेंडर के अंतर्गत 23 जनवरी को वसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर माल्यार्पण से किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल ने की। अध्यक्षीय उद्बोधन में शुक्ल ने विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति एवं देश के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

राकेश कुमार सोलंकी द्वारा वसंत महोत्सव का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों,शिक्षकों ,कला प्रेमियों और सभी लोगों को वसंत पंचमी को दीपावली और नवरात्रि की तरह मनाना चाहिए। वसंत पंचमी के दिन ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना करके सभी को आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए क्योंकि धन और शक्ति का आधार ज्ञान है। सही ज्ञान की अनुपस्थिति में व्यक्ति धन और शक्ति का दुरुपयोग करता है जिससे स्वयं और दूसरों को भी कष्ट देता है। वसंत ऋतु जीवन में उत्साह और नयापन को बढ़ावा देती है। डॉ विजय कुमार यादव ने सुभाष चंद्र बोस की जीवन शैली पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को स्वयं एवं राष्ट्र निर्माण में महत्व पूर्ण भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ सुमन भदौरिया ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर डॉ शर्मीला गांगले, पुलकित शर्मा ,चेतन ठाकुर एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पखवाड़ा के तहत हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आष्टा द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान एवं स्वामी विवेकानंद जयंती पखवाड़े के अंतर्गत नवांकुर संस्था भीलखेडी शिव शक्ति ग्राम विकास समिति द्वारा कोठरी सेक्टर के ग्राम ग़वाखेड़ा में ग्राम पंचायत स्तरीय स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी, सेक्टर प्रभारी राधेश्याम वर्मा, मेंटर्स मुकेश राठौर, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर संस्था के शिक्षक गण के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। सेक्टर प्रभारी राधेश्याम वर्मा द्वारा जैविक कृषि के बारे में विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने कहा कि खेती में प्रतिवर्ष रासायनिक खाद का उपयोग हो रहा है, जो हमारी जमीन को तो बंजर बना रहे, यह नुकसानदायक है। हमें जैविक कृषि की ओर बढ़ना पड़ेगा। जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी सुरक्षित रहे। विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी ने स्वामी विवेकानंद के विचारों एवं गौपालन के संबंध में विस्तृत रूप से बताया गया एवं सभी को स्वदेशी का शपथ दिलाई। खेलकूद, दौड़ में सहभागिता करने वाले छात्रों का शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य, छात्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्कूल के छात्र एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# राजश्री कॉलेज में मनाया वसंत पंचमी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



राजश्री कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में शुक्रवार को विद्या की देवी मां सरस्वती के प्राकट्योत्सव वसंत पंचमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विशेष पूजा-अर्चना की गई और ज्ञान व कला की देवी का वंदन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के संचालक बीएस परमार ने उपस्थित छात्र-छात्राओं और स्टाफ को संबोधित किया। उन्होंने वसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि यह पर्व नई ऊर्जाए उत्साह और ज्ञान के प्रकाश का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को मां सरस्वती के आदर्शों पर चलने और शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन मां सरस्वती की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने हर्षोल्लास के साथ इस उत्सव में सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के संचालक बीएस परमार, प्रभारी प्राचार्य अर्जुन परमार, मीडिया प्रभारी मनोज कमलोदिया, सविता बैरागी, राहुल सेन, रामवती मेवाड़ा, प्रहलाद मेवाड़ा, द्वारका प्रसाद करमोदिया, पुष्पा मेवाड़ा, पूजा परमार, अखिलेश सक्सेना, पूजा मेवाड़ा, माया मेवाड़ा, ममता तिवारी, कविता भूतिया, रंजना परमार, मनोहर लाल, विनोद मीणा, बहादुर सिंहए रवि मेवाड़ा, अरविंद यादव, रीना यादव एवं शिवराम परमार ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मां शारदे की आराधना की।

# जयंती पर परमार युवा संगठन ने किया हेलमेट वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मां सरस्वती के प्राकट्य उत्सव एवं राजा भोज की जयंती पर आयोजित परमार युवा संगठन आष्टा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोपाल सिंह इंजीनियर क्षेत्रीय विधायक आष्टा विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा विशेष अतिथि, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार विशेष अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, परमांर युवा संगठन के वरिष्ठ संरक्षक भीम सिंह परमार, शिवनारायण परमार, कन्हैया लाल परमार व परमार युवा संगठन के अध्यक्ष मान सिंह परमार व पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र परमार के नेतृत्व में कार्यक्रम समापन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में गोपाल सिंह इंजीनियर ने अपने उद्बोधन में राजा भोज के चरित्र का वर्णन करते हुए आष्टा नगर में परम प्रतापी राजा भोज की प्रतिमा लगाने की घोषणा की एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में चौराहे का सौंदरीकरण करते हुए बताया कि राजा भोज के द्वारा निर्मित पर्यावरण संरक्षण एवं जल स्त्रोतों का वर्णन अपने शब्दों में नहीं किया जा सकता। कैलाश परमार ने अपने वक्तव्य में राजा भोजकालीन शिक्षा का उदाहरण देते हुए समाज में शिक्षा से संवर्धन बनने पर जोर दिया। सोनू गुणवान ने अपने भाषण में सभी को बधाई देते हुए महान महापुरुषों का वर्णन करते हुए उनके पद चिह्न पर चलने पर जोर दिया।

मां सरस्वती व राजा भोज प्रतिमा के पूजन के पश्चात परमार युवा संगठन ने यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक अच्छी पहल को आगे बढ़ते हुए हेलमेट वितरण कार्यक्रम राजा भोज चौराहे व पार्वती थाने पर वितरण किया। इस पहल की सभी जनप्रतिनिधियों ने सहाराना कि। कार्यक्रम के का संचालन देवराज परमार पूर्व अध्यक्ष ने किया।

कार्यक्रम का आभार सुनील परमार पूर्व मंडल अध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम में उपस्थिति विष्णु परमार पिछड़ा मोर्चा जिला मंत्री राकेश परमार, पूर्व अध्यक्ष कमल सिंह परमार बगड़ावदा, डॉ भूरेलाल परमार, श्याम परमार, सुनील कटारा, महेश मुंडी खेड़ी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष एलकार सिंह मेवाड़ा, कैलाश बगाना, सुनील परमार, महेंद्र परमार, प्रशांत परमार, देवेंद्र परमार, राधे परमार, मदन परमार, संतोष परमार, प्रधान पहलाद सिंह, कवि आनंद परमार, भोजराज परमार, जगदीश डाबरी, प्रदीप परमार, अभिषेक परमार, कपिल परमार, आदित्य परमार जैसे अन्य समाज के व्यक्ति भी कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।

### पुण्यसम्राट के दीक्षा दिवस पर ज्ञान मंदिर में दिनभर चले गुरु भक्ति के कार्यक्रम

# गुरु ही हमें भवसागर से पार लगाते हैं: अविचलदृष्टा श्रीजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



पुण्यसम्राट श्रीमद् विजय जयन्तसेन सूरीश्वर म.सा. के दीक्षा दिवस के अवसर पर गुरुवार को ज्ञान मंदिर में आध्यात्मिक वातावरण से ओत-प्रोत विविध मंगलमय कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम पुण्यसम्राट के पट्टधर गच्छाधिपति पूज्य श्रीमद् विजय नित्यसेन सूरीश्वरजी म.सा. एवं आचार्य देवेश श्रीमद् जयरत्न सूरीश्वर म.सा. की आज्ञानुवर्तीनी साध्वी श्री अविचलदृष्टा श्रीजी म.सा. की सुशिष्या साध्वी श्री शाश्वतप्रिया श्रीजी म.सा. आदि ठाणा की पावन निश्रा में सम्पन्न हुए।

प्रातः 7 से 8 बजे तक पुण्य सम्राट का साक्षात्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके पश्चात प्रातः 9:15 से 10:30 बजे तक "गुरु जयंत आज भी जीवंत हैं" विषय पर प्रेरणादायी प्रवचन हुआ। पूज्य साध्वी जी ने कहा कि गुरु से ही जीवन शुरू होता है प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में गुरु का होना परम आवश्यक है वही हमें संसार सागर से पार होने का मार्ग बताते हैं। दोपहर 12 बजे साधार्मिक भक्ति सह भाग्य भक्ति अंतर्गत सएकासन तप का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभाव नाका लाभ अजय कुमार, आशीष कुमार चौरडिया परिवार द्वारा लिया गया। वहीं दोपहर 2:30 बजे युवाओं एवं बच्चों के लिए "कौन बनेगा गुरु जयंतमय" प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सायंकाल 6:30 बजे से प्रतिक्रमण हुआ। रात्रि 7:30 से 8:30 बजे तक गुरु जयंतसेन सूरी पद का सवा लाख जाप सम्पन्न हुआ।

तत्पश्चात 108 दीपकों से पुण्यसम्राट की महाआरती एवं गुरु भक्ति एवं पूर्ण सम्राट को माला पहनने का भावपूर्ण आयोजन किया गया। जिसका लाभ पारसमल निलेश कुमार ,रितेश कुमार भंडारी परिवार एवं पुण्य सम्राट की वाक्षकक्षेप पूजा का लाभ समरथमल शुभम कुमार, संकेश कुमार चोरडिया परिवार एवं अक्षत वधामणा का लाभ अ.भा. महिला परिषद महिदपुर रोड एवं सा धार्मिक भक्ति व प्रभावना का लाभ अशोक कुमार ,हिमांशु कोचर परिवार द्वारा लिया गया। दिनभर चले इन आयोजनों में श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सम्पूर्ण वातावरण गुरु भक्ति, साधना एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

### मार्डन स्कूल में हुआ सरस्वती पूजन



**आष्टा।** वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर संस्था मार्डन पब्लिक हा.से. स्कूल आष्टा में हर वर्ष अनुसार विद्या की देवी मां सरस्वती पूजन के साथ ही छात्र-छात्राओं के स्वास्थ व ज्ञान प्राप्ति के लिए विशेष प्रार्थना सभा का अयोजन किया। सर्वप्रथम संस्था के प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर ने अपनी संस्था के उपस्थित शिक्षकों के साथ विधिविधान से मां सरस्वती का आहवान कर पूजन किया। संस्था में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने कतारबद्ध तरिके से मां सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पित कर अपने ज्ञान प्राप्ति हेतु प्रार्थना की व अंत में सभी को प्रसादी वितरित की गई। सभी षिक्षको द्वारा विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर स्कूल के संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्ग दर्शक एसएल परमार, केएल परमार, बीएस ठाकुर व समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, रवि पाठक, राजेष बड़ोदिया, रजत धारवा, संदीप ठाकुर, निर्मला सारसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, नीता सक्सेना, ईशा जैन, पायल ठाकुर, पूजा ठाकुर सना अली, अपेक्षा पेरवाल, तेजू मेवाड़ा, विधि चौहान, आयुषी जैन, लक्ष्मी चौरसिया, ज्योति राजपूत, प्रतिभा तोमर, ईतिका चौहान शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।